


## सीसीटीवी से 6 घंटे में चोरी का पर्दाफाश

▸ जयभारत नगर में वारदात के आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के जयभारत नगर क्षेत्र में हुई नकबजनी की घटना का थाना स्टेशन रोड पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्रसिंह जादौन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। दिनांक 22 मार्च 2026 की रात फरियादी इमरान पिता अनवर खान निवासी जयभारत नगर के घर में अज्ञात बदमाशों ने नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने शादाब (22) पिता सिकंदर खान निवासी काजीपुरा एवं केजार उर्फ गोलू (24) पिता इमरान खान निवासी काजीपुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हिकमतअमली से पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद उनके कब्जे से करीब 15 हजार रुपए मूल्य के चांदी के आभूषण जब्त किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**टीआई ने टीम बनाकर दिखाई सक्रियता**

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्रसिंह जादौन, निरीक्षक दिनेश राठी, उपनिरीक्षक विजय बामनिया, सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश डाबर सहित थाना स्टेशन रोड की टीम के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अफवाहों से हड़कंप, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

▸ प्रशासन ने किया खंडन, जिले में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मंगलवार को शहर सहित जिले में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह फैलते ही अचानक हालात बदल गए। सुबह से ही बड़ी संख्या में वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे, जिससे कई स्थानों पर लंबी कतारें लग गईं। स्थिति यह रही कि बिना जरूरत के भी लोग टंकी फुल करवाने के लिए पंपों पर उमड़ पड़े।

अफवाहों के चलते दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों में चिंता का माहौल बन गया। लोगों को आशंका थी कि यदि पेट्रोल-डीजल की कमी हो गई तो रोजमर्रा के काम प्रभावित हो जाएंगे। इसी डर के कारण शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ती गई और कुछ स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति भी देखने को मिली।

जैसे ही इस मामले की जानकारी जिला प्रशासन को मिली, तत्काल स्थिति स्पष्ट की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑयल कंपनियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की स्थिति में जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। प्रशासन के अनुसार जिले के 184 पेट्रोल पंपों पर करीब 13 लाख 26 हजार लीटर पेट्रोल और 16 लाख 16 हजार लीटर डीजल का स्टॉक मौजूद है, जो वर्तमान मांग के लिए पर्याप्त है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि ईंधन की सप्लाई नियमित रूप से जारी है और किसी तरह की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। नागरिकों से कहा गया है कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं, ताकि अनावश्यक भीड़ और परेशानी से बचा जा सके।

### नामली में भी पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़



अफवाहों का असर नामली क्षेत्र में भी देखने को मिला, जहां पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम को लोग पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए कतारों में लगे नजर आए। बिना जरूरत के भी टंकी फुल कराने की होड़ मच गई।

### ▸ प्रशासन की सख्ती, पेट्रोल पंपों पर स्टॉक जांच की

कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर जिले में राजस्व अधिकारी लगातार पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर स्टॉक का सत्यापन कर रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और किसी तरह की कमी नहीं है। नायब तहसीलदार पिंकी साठे ने साक्षी पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया, जहां 3855 लीटर पेट्रोल और 9200 लीटर डीजल उपलब्ध पाया गया। साथ ही 10,000 लीटर पेट्रोल और 4,000 लीटर डीजल का अतिरिक्त ऑर्डर किया गया है, जिसकी सप्लाई अगले दिन तक आने की संभावना है। वहीं तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ने भी पटेल पेट्रोल पंप की जांच की। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है।

**एक नजर में**

### आज निकलेगी विराट चुनरी यात्रा

**रतलाम।** भक्ति और शक्ति के महापर्व चैत्र नवरात्रि की सप्तमी बुधवार को शहर में भव्य एवं विराट चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा शाम 6 बजे राजमहल स्थित श्री पद्मावती माता मंदिर से प्रारंभ होकर 39 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए राजापुर स्थित श्री गढ़खंखाई माता मंदिर पहुंचेगी। आयोजन समिति के संयोजक जनक नागल, अध्यक्ष धर्मेन्द्र रांका (पार्षद) एवं नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यात्रा से पूर्व श्री पद्मावती माता एवं श्री चामुंडा माता को 11-11 फीट की चुनरी ओढ़ाकर पूजा-अर्चना एवं महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात सैकड़ों भगवा ध्वजों, ढोल-नगाड़ों, बैंड और म्यूजिक सिस्टम के साथ 111 फीट लंबी चुनरी लेकर श्रद्धालु यात्रा प्रारंभ करेंगे। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों—पैलेस रोड, डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घांस बाजार, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, लक्कड़पीठा, सुतारों का वास, बाजना बस स्टैंड, अंडर ब्रिज, सागोद रोड एवं शिवगढ़ होते हुए गुजरेगी। पूरी रात भक्तगण माता रानी के भजन एवं गरबा करते हुए यात्रा में शामिल रहेंगे । प्रातः लगभग 6 बजे गढ़खंखाई माता मंदिर पहुंचकर चुनरी अर्पित की जाएगी तथा हिंदू राष्ट्र की कामना के साथ यात्रा का समापन होगा। उल्लेखनीय है कि यह चुनरी यात्रा का 26वां वर्ष है। आयोजन समिति के महर्षि संजय शिव शंकर दवे, जनक नागल, धर्मेन्द्र रांका, मंगल सिंह पंवार, मदन सोनी, अजय यार्दे, मुकेश गांधी, विपिन सोनी, नीरज चावला, संजय पेमाल, रत्ना पाल, गोपाल शर्मा, गब्बर यादव, अर्जुन प्रजापत, सोनू प्रजापत, चिराग जायसवाल, जितेंद्र बामनिया, विनोद गुर्जर, शैलेन्द्र सिंह शक्तावत, पप्पू गादिया, रवि रानीवाल, हेमंत ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, माताओं-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित शामिल होने का आग्रह किया है।

### जिले में 2165 बालिकाओं को लगाया एचपीवी टीका



**रतलाम।** सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है , महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए रतलाम जिले में निशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन 28 फरवरी से प्रारंभ होकर 90 दिन तक किया जाएगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि जिले में अब तक 2165 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया है। सिविल अस्पताल आलोट में 253 , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में 244, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में 156 , सिविल अस्पताल जावरा में 448 , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलोदा में 343, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली में 332, बाल चिकित्सालय रतलाम में 161, मेडिकल कॉलेज रतलाम में 13, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना में 215 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया है। वैक्सीनेशन के लिए आयु संबंधी कोई भी प्रमाण पत्र अथवा स्वयं के घोषणा पत्र के आधार पर भी सहजता से वैक्सीनेशन कराया जा सकता है।

### 26 को छुट्टी होने के बाद भी चालू रहेगी जावरा मंडी



**जावरा।** मध्य प्रदेश शासन ने कृषि उपज मंडी में लगातार अनेकों कर्म से छुट्टियां घोषित कर रखी है और इधर गेहूं की फसल कटाई पर है। सोसाइटी डीयू होने जा रही है, ऐसी दशा में मंडी का बंद होना किसानों के लिए बड़ा नुकसान है। शासन स्तर पर भी गेहूं की खरीदी अभी तक निश्चित नहीं है, इसलिए किसान नेता डीपी धाकड़ ने प्रशासन से और सरकार से मांग की थी कि मंडी की छुट्टी कम की जाए। इसको लेकर रतलाम मंडी रविवार को भी चालू रखी। जावरा अरनिया पीथा मंडी 26 मार्च को छुट्टी होने के बाद भी चालू रहेगी। विशेष कर गेहूं के किसान ट्रैक्टर लेकर आए और इनका भुगतान भी बैंक चालू होने पर किया जाएगा ताकि किसान को दुगना भाड़ा नहीं लगे तथा सीधा माल मंडी में नीलाम हो जाए। मंडी सचिव आर वसुनिया का कहना है कि 26 मार्च को छुट्टी होने के बाद भी अरनिया पीथा मंडी व जावरा मंडी चालू रहेगी, सभी जिंसो का निलाम होगा। वही गुरूवार को पेंडिग रहे गेंहु कि निलामी दिनांक 27 मार्च शुक्रवार को होगी। 28 मार्च शनिवार को मंडी चालु रखने पर अब तक सहमति नही बन पाई है। रमेश धाकड़, राजेश पाटीदार, यूसुफ पठान, कैलाश हरा और, रमेश मेहता, प्रकाश धाकड़, कालूलाल, दशरथ पाटीदार,बंसीलाल सेन, नागेश्वर एवं किसान मौजूद थे।

## शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू



**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने वाले नए सत्र के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रतलाम में प्रवेश प्रक्रिया विधिवत शुरू हो गई।

प्राचार्य सुभाष कुमावत के अनुसार मंगलवार से कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयनित मेरिट सूची के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का कक्षा 8वीं में न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य रखा है। प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम दिन लगभग 63 विद्यार्थियों ने प्रवेश फॉर्म प्राप्त किए। यह प्रवेश प्रक्रिया 31 मार्च 2026 तक संचालित की जाएगी। साथ ही कक्षा 10वीं के वे विद्यार्थी, जिनका परीक्षा परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है, उन्हें अस्थायी रूप से अगली कक्षा में प्रवेशित माना जाएगा। कक्षा 9वीं से 12वीं तक सभी कक्षाओं का संचालन 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। 1 अप्रैल को 'प्रवेश उत्सव' का आयोजन होगा, जिसमें छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों एवं साइकिल का वितरण भी किया जाएगा।

### जनसुनवाई में 104 लोगों ने दिए आवेदन

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 104 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। अनुकंपा नियक्ति,गरीबी रेखा सूची में नाम जोड़ने, आर्थिक सहायता राशि, ईलाज एवं पढाई के लिए आर्थिक सहायता राशि, भूमि के सीमांकन सहित अन्य मामलों को लेकर आवेदन जनसुनवाई में पहुचे। अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

## लोक सेवा केंद्र में अव्यवस्था से परेशानी

**नवभारत न्यूज**

**नामली/रतलाम।** जिले के नामली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान इन दिनों अपने आवश्यक दस्तावेजों के लिए लोक सेवा केन्द्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। मुख्य लोक सेवा केन्द्र रतलाम तथा समीपस्थ पचेड़ कार्यालय में व्यवस्था सुचारू नहीं होने के कारण किसानों को समय पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

जानकारी अनुसार, खेती-बाड़ी से जुड़े जरूरी दस्तावेज जैसे खसरा-खतौनी, भू-अभिलेख, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, ऋण संबंधित दस्तावेज, फसल बीमा कागजात तथा अन्य शासकीय योजनाओं से जुड़े प्रमाण पत्र समय पर जारी नहीं किए जा रहे हैं। इससे किसानों के कृषि कार्य और शासकीय लाभ प्रभावित हो रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के जिला समन्वयक बंटी डाबी ने आरोप लगाते हुए बताया कि किसान तीन-तीन से चार-चार दिनों तक लोक सेवा केन्द्रों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनके कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं। कई मामलों में दस्तावेज मिलने में इतनी देरी हो जाती है कि उनकी उपयोगिता ही समाप्त हो जाती है। सूत्रों के अनुसार, लोक सेवा केन्द्र में जमा किए गए आवेदनों पर 45 दिनों की समय-सीमा निर्धारित है, जिसके बाद आवेदन स्वतः निरस्त हो जाता है। इसके बावजूद संबंधित कर्मचारियों द्वारा समय पर दस्तावेज जारी नहीं किए जा रहे हैं। साथ ही, आवेदकों को आवक-जावक नंबर भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, जिससे उन्हें अपने आवेदन की स्थिति जानने में कठिनाई होती है। परिणामस्वरूप किसान कभी तहसील कार्यालय तो कभी एसडीएम कार्यालय के चक्कर काटते नजर आते हैं।

लोक सेवा केन्द्रों में आमजन के लिए जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, बिजली-पानी कनेक्शन से जुड़े आवेदन, पेंशन योजनाएं, श्रमिक पंजीयन, राशन कार्ड, आधार अपडेट, सरकारी योजनाओं में पंजीकरण सहित अनेक सेवाएं संचालित की जाती हैं। इन सेवाओं में आ रही देरी और लापरवाही से न केवल किसान बल्कि आम नागरिक भी परेशान हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लोक सेवा केन्द्रों की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए, कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने जिला कलेक्टर से जल्द हस्तक्षेप कर व्यवस्था को दुरुस्त करने की अपील की है, ताकि किसानों और आमजन को राहत मिल सके।

## विद्यारंभ सेरेमनी से नन्हों की नई शुरुआत



▸ आयोजन में विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदाय किए

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने आँगनवाडी केन्द्र में पंजीकृत 5-6 वर्ष के समस्त बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आँगनवाडी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढीकरण के उद्देश्य से विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने हेतु जिला मुख्यालय पर गुलाब चक्कर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीराम निवास बुघौलिया, सहायक संचालक प्रकाश चन्द चौहान, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मांगीलाल डावर उपस्थित थे। श्री लोढा जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शालाओं में इस प्रकार के आयोजन होते रहते है।

आँगनवाडी केन्द्रो पर पहली बार इस प्रकार का आयोजन एवं विद्यारंभ प्रमाण पत्र देने का कार्य बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम में कुल 180 बच्चे अपने अभिभावक सहित उपस्थित थे। बच्चो के द्वारा अपनी भाषा में कविता, गीत प्रस्तुत किये जिसका उत्साहवर्धन उपस्थित अभिभावको द्वारा किया गया। संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती सुशीला व्यास व आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी शहर चेतना गेहलोत ने माना।

**सैलाना परियोजना में भी हुआ आयोजन**

सैलाना परियोजना अंतर्गत भी विद्यारंभ सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष कैलाशी चारेल, महिला बाल विकास स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष सुभाष भाभर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रिया गेरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

### अभिभावकों को पीले चावल देकर किया आमंत्रित



बाजना परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-2 पर विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया। सांसद प्रतिनिधि संजय टाक, पंचायत सचिव विक्रम खराड़ी, उपसरपंच रौनक लुणावत, परियोजना अधिकारी एहतेशाम अंसारी उपस्थित रहे। इस दौरान आंगनवाड़ी में दर्ज 5 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को शाला प्रवेश के लिए चिन्हित किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता मेहरा, प्रमिला पवार, दीपमाला गहलोत सहित अन्य कार्यकर्ता, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 पुलिसकर्मी सम्मानित

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए अभिनव पहल की है।

उन्होंने साप्ताहिक समीक्षा के दौरान सराहनीय प्रदर्शन करने वाले 15 अधिकारी,कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में एएसपी विवेक कुमार लाल ने प्रोत्साहित किया। इन अधिकारियों-कर्मचारियों ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी और हत्या के प्रकरणों में खुलासे, नाबालिक अपहृता की सुरक्षा, अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़, यातायात प्रबंधन और सीएम हेल्पलाइन निराकरण जैसे कार्यों में सराहनीय योगदान दिया।

**▸ इन्हें किया सम्मानित**

सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों में उप निरीक्षक मुकेश सस्तियां, आर संजय सोनी, म.आर. रेणु, उनि रघुवीर जोशी, उप निरीक्षक किशनलाल रजक, विदेश सिंह भदौरिया, सउनि शंकर सिंह शक्तावत, सउनि अशोक चौहान, आरक्षक प्रीतम लोहार, आरक्षक ओमप्रकाश गुर्जर, प्र. आर. संजय आंजना, प्र. आर. जाकिर मंसूरी, सउनि फरहतुल्ला मिर्जा, प्र. आर. शैलेन्द्र सिंह सोलंकी और आर. जीवन विश्वकर्मा शामिल हैं।

### भगतसिंह कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

जावरा। भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर एजी पठान के निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भू राजनीतिक मंच के तत्वाधान में मध्य पूर्व संकट एवं भारत की विदेश नीति विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ दुष्यंत भदोरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पठान ने विद्यार्थियों को बताया कि मध्य पूर्व के संकट से पूरा विश्व प्रभावित हुआ है, हिंसा या युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकते। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ विद्या तिवारी ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रकाश परमार द्वारा एवं आभार डॉक्टर लवकुश पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया।

## वर्ल्ड टीबी डे पर की गई वर्कशॉप

**जावरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में सिविल हॉस्पिटल के न्यू मैटरनिटी विंग में वर्ल्ड टीबी डे पर वर्कशॉप आयोजित की गई, प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि कार्यशाला को संबोधित करते हुए डा शंकरलाल खराड़ी सीबीएमओ जावरा ने कहा कि आज संक्रमण के विरूद्ध जनसंकल्प का दिन है। डब्ल्युएचओ के अनुसार हर साल 3500 लोगो की मृत्यु टीबी के कारण होती है। विश्व स्तर पर टीबी के मामलों में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले हमारे देश की है, अभी हमारी चुनौती समाप्त नहीं हुई है। टीबी के विस्तार के प्रमुख कारणों में कुपोषण, धूम्रपान, गरीबी, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता, भीड़भाड़ वाली जगह आदि है। आज हम 2030 तक सामूहिक प्रयासों से टीबी रोग समाप्ति की दिशा में अग्रसर है, सिविल हॉस्पिटल जावरा प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया ने कहा कि टीबी के उपचार में व्यापक बदलाव हुआ है मुफ्त जांच, उपचार, पोषण सहायता, डिजिटल निगरानी, को बढ़ावा दिया जा रहा है । टीबी मुक्त पंचायते जन भागीदारी को मजबूत कर रही है । हर साल 24 मार्च को वर्ल्ड टीबी डे इसलिए मनाया जाता है कि लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके।

**जावरा ब्लाक में 672 पेशेंट का हुआ रजिस्ट्रेशन**

टीबी सुपरवाइजर ज्ञानेश पाटीदार ने टीबी के लक्षण, उपचार, दवाईयो की जानकारी देते हुए बताया कि 2025, 26, में जावरा ब्लाक में 672 पेशेंट का रजिस्ट्रेशन किया गया, उनमें से 452 का कोर्स पूरा हुआ तथा 220 की दवाईयां चालू है। कार्य शाला में बसंतीलाल मईडा बीईई, भारत सिंह सोलंकी, विचित्र उपाध्याय, ललिता परिहार एवं सरदार पटेल कॉलेज के स्टूडेंट्स उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन शैलेन्द्र कुमार दवे किया।

**एक नजर में** ▸ नवरात्रि की पंचमी पर बेरछा स्थित नाग महाराज मंदिर पर भविष्यवाणी में पंडाजी ने कहा

## खाड़ी देशों के बीच तीन माह तक चलेगा युद्ध, दीपावली के आसपास होगी बारिश

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** गांव बेरछा में चैत्र नवरात्र की पंचमी पर हवन-पूजन हुआ। जिसके बाद पंडाजी मांगीलाल शर्मा ने हर साल की तरह भविष्यवाणी की। जिसमें वर्तमान में चल रहे अमेरिका, इजराइल और ईरान युद्ध पर कहा कि यह युद्ध तीन माह तक चलेगा। जो आगामी समय में महायुद्ध में तब्दील होगा।

वैशाख में अनाज के भाव में वृद्धि होगी, हालांकि इसके बाद पुनः कीमत कम होगी। आषाढ माह में सात दिन अधिक बारिश होगी, सावन में 25 दिन तक बारिश रहेगी। भादवा माह में 8 दिन की बारिश होगी। बारिश की वजह से बांध टूटने की स्थिति बनेगी। तीन समुद्र में तूफान आने से बाहरी देश में नुकसान होगा। फसलों को लेकर कहा कि पहली बोवनी आधा आषाढ में होगी। पुरे वर्ष में चार मावठा होंगे। वैशाख में भी बारिश होगी। सोना चांदी के भाव उतार चढाव रहेगा। लहसुन के भाव बढ़ेंगे। गेहूं के भाव वैशाख के बाद बढेगे। सोयाबीन के भाव बढेगे तेल के भाव में अधिक वृद्धि होगी। वैशाख, कार्तिक और पौष माह में भूकंप की स्थिति बनेगी।

### ▸ सोयाबीन फसल पर इल्ली-टिड्डी दल का भय

जिसमें पहली बोवनी आधा आषाढ में होगी। पूरे वर्ष में चार मावठा होंगे। वैशाख में भी बारिश होगी। सोना चांदी के भाव उतार चढाव रहेगा। लहसुन के भाव बढ़ेंगे। गेहूं के भाव वैशाख के बाद बढेगे। सोयाबीन के भाव बढेगे तेल के भाव में अधिक वृद्धि होगी। वैशाख, कार्तिक और पौष माह में भूकंप की स्थिति बनेगी। सोयाबीन की फसल को ईल्ली, टिड्डी दल भी फसल को नुकसान करेगा। जून माह में बीमारी बढेगी। भगवान महाकाल रक्षा करेगा। उन्होंने सत्ता पक्ष के मुखिया के साथ हानि की बात भी कहीं। साथ ही आतंकवाद के कारण जनहानि होने की बात कहीं।